सतत् भूमि प्रबंधन पद्धतियों द्वारा भूमि क्षरण तटस्थता प्राप्ति हेतु ग्रामीण समुदायों का सशक्तिकरण

प्रस्तावित तिथि
12-14 मई 2026

आयोजक

सतत् भूमि प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून

परिप्रेक्ष्य

भूमि क्षरण, जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव के कारण ग्रामीण आजीविका एवं पारिस्थितिक संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। सतत भूमि प्रबंधन पद्धतियाँ इन चुनौतियों का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करती हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण समुदायों, संस्थाओं एवं हितधारकों को सशक्त बनाने हेतु तैयार किया गया है, ताकि वे वैज्ञानिक एवं पारंपरिक ज्ञान के समन्वय से भूमि क्षरण तटस्थता की दिशा में कार्य कर सकें।

उद्देश्य

- ग्रामीण समुदायों को सतत भूमि प्रबंधन पद्धतियों के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाना
- आजीविका संवर्धन एवं पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्स्थापन को बढ़ावा देना
- जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति अनुकूलन क्षमता विकसित करना
- समुदाय आधारित योजना एवं क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करना

प्रशिक्षणार्थी

- ग्राम पंचायत प्रतिनिधि
- प्रगतिशील किसान
- गैर-सरकारी संगठन/नागरिक समाज संगठन
- पर्यावरण कार्यकर्ता
- बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि

अपेक्षित परिणाम

- सतत भूमि प्रबंधन पद्धतियों के प्रति तकनीकी ज्ञान एवं जागरूकता में वृद्धि
- भूमि क्षरण, सूखा व जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता में सुधार
- स्थानीय स्तर पर योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन में सक्रिय सहभागिता
- सतत भूमि प्रबंधन आधारित सूक्ष्म-योजना बनाने की क्षमता का विकास

भागीदारी

- प्रतिभागिता हेतु 04 मई 2026 तक 8471937519 पर संपर्क करें।
- प्रशिक्षण निःशुल्क है; भोजन व आवास की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की जाएगी।
- यात्रा के लिए प्रतिभागियों को अपने टिकट स्वयं बुक करने होंगे (रेल यात्रा हेतु IRCTC से तथा बस यात्रा हेतु राज्य परिवहन निगमों से)। यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति टिकट प्रस्तुत करने पर आयोजकों द्वारा नियमानुसार की जाएगी।

प्रशिक्षण निदेशक

- डॉ. कृष्णा गिरी, वैज्ञानिक-ई, सतत भूमि प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून
- मो: +91 8471937519

प्रशिक्षण समन्वयक

- डॉ. गौरव मिश्रा, वैज्ञानिक-ई, सतत भूमि प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून
- मो: +91 8471938089